FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट थाना शिकोहाबाद दिनांक 22-01-2025 जनपद फिरोजाबाद।

- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ दीक्षित फिरोजाबाद के निर्देशन मे थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 80 साल की बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार कर घटना का किया सफल अनावरण।**

- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा घटना स्थल का भौतिक निरीक्षण करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु किया गया था 05 टीमों का गठन।**

- **मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त सतीश पैर में गोली लगने से हुआ घायल।**

- **दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त सतीश के कब्जे से अवैध असलहा , जिंदा कारतूस एंव खोखा कारतूस बरामद।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0स0 46/25 धारा 64/351(2) बीएनएस जनपद फिरोजाबाद बनाम नाम पता अज्ञात थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद पर पंजीकृत किया गया था । अभियोग उपरोक्त की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक , फिरोजाबाद द्वारा गम्भीरता से लेते हुये घटना के सफल अनावरण हेतु थाना शिकोहाबाद को पुलिस टीम गठित कर घटना का अनावरण कर अभियुक्त को गिरफ्तार करने हेतू निर्देशित किया गया था। उक्त आदेश के अनुपालन मे संयुक्त टीम गठित की गयी थी।

इसी क्रम में आज दिनांक 22-01-2025 को थाना शिकोहाबाद पुलिस को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि मु0अ0सं0 46/25 धारा 64/351(2) बीएनएस से सम्बंधित अभियुक्त अशुआ पुल की तरफ से रेलवे स्टेशन नहर पुल की तरफ आ रहा था। उक्त सूचना पर थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा नगला छैंकुर के पास चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान सामने से एक संदिग्ध व्यक्ति पैदल आता हुआ दिखायी दिया । साथ ही पुलिस टीम को अपनी तरफ आता देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ में की गयी जबावी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी। अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त की पहचान सतीश पुत्र श्रीपाल निवासी हॉस्पीटल के पास झुग्गी झोपडी

कस्बा व थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरणः- दिनांक 21.01-2025 को थाना शिकोहाबाद क्षेत्रान्तर्गत एक 80 वर्ष की बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म की सूचना मिली। सूचना पर तत्काल अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मय क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद व प्रभारी निरीक्षक शिकोहाबाद घटना स्थल पर पहुँचे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद महोदय द्वारा घटना स्थल का भौतिक निरीक्षण किया गया साथ ही अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 05 पुलिस टीमों का गठन किया गया। दिनाँक 22.01.2025 को उक्त प्रकरण में प्रकाश में आये अभियुक्त सतीश पुत्र श्रीपाल निवासी हॉस्पिटल के पास झुग्गी झोपड़ी कस्बा व थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है।

➢ **नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त**

1. सतीश पुत्र श्रीपाल निवासी हॉस्पिटल के पास झुग्गी झोपड़ी कस्बा व थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

➢ **आपराधिक इतिहास अभियुक्त ...**

1. मु0अ0स0 46/25 धारा 64/351(2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0स0 378/24 धारा 323/324/504 भादवि थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

➢ **बरामदगी अभियुक्त ...**

01अदद तंमचा 315 बोर, 03 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 02अदद खोखा कारतूस 315 बोर

➢ **गिरफ्तार करने वाले अधिकारी/कर्म0गणो के नामः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री प्रदीप कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 श्री चमन कुमार शर्मा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 त्रिमोहन सिह थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 निशान्त थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 राजीव गौतम थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 विजय गोस्वामी थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
7. उ0नि0 किरन पाल थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
8. उ0नि0 गुलफाम थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
9. उ0नि0 फेसल थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
10. उ0नि0 अरविन्द थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
11. है0का0 राजकुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
12. का0 अमन छोंकर थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
13. का0 विजय कुमार थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।